पेजमेकर 7.0 में रूलर का उपयोग कैसे करें (How to use the ruler in PageMaker 7.0)

रूलरो का उपयोग करने से हमे अपने प्रकाशन के किसी पेज का प्रिंट बनाने और उस पर कंटेंट को शुध्दता से किसी जगह स्थापित करने मे सहायता मिलती है रूलर दो प्रकार के होते हैः ऊध्र्वाधर (Vertical) क्षैतिज (Horizontal)।

जब भी आप माउस प्वाइंटर या किसी वस्तु को प्रकाशन के किसी पेज पर इधर उधर ले जाते है, तो उसकी स्थिति बताने वाली दो रेखाए रूलरो पर चलती है जिनसे पता चल जाता है कि उस समय उसका माउस प्वाइंटर कहां पर है अथवा वह वस्तु किस स्थान या बिंदु से प्रारम्भ करके लगी हुई है। यदि आप उसकी वर्तमान स्थिति से संतुष्ट नही है, तो पुनः उसे खिसकाकर उचित स्थान पर सेट कर सकते है।

यदि रूलर दिखाई न दे तो आप View Menu मे Show Rulers आदेश देकर अथवा कंट्रोल के साथ R (Ctrl+R) Button दबाकर उन्हे स्क्रीन पर देख सकते है, एक बार फिर Ctrl+R Button दबाकर आप उन्हे छिपा सकते है।



रूलरो पर सामान्यतया इंचो से निशान बने होते है आप इन निशानो को अपनी सुविधा के अनुसार किसी भी अन्य मापन प्रणाली या इकाई मे डालकर भी देख सकते है।